## राजस्थान सरकार
# निदेशालय स्थानीय निकाय, राजस्थान, जयपुर

जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास, जयपुर
(Phone & Fax-2222403/2223239 Web-www.lsgraj.org Email ID-dlbrajasthan@gmail.com)

दिनांकः 8.1.2020

क्रमांकःएफ.55( )पीए/सीई/डीएलबी/डब्ल्यूएस(सामान्य)/2020/ 716

मुख्य अभियंता (अरबन एवं एनआरडब्ल्यू),
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,
जयपुर।

**विषयः–** जैसलमेर, श्रीगंगानगर, बूंदी, नोखा, चौमूं, नाथद्वारा व नागौर शहर की जल वितरण व्यवस्था हेतु अभियंताओं के रिक्त पद भरने बाबत्।

**संदर्भः–**1. विभागीय अर्द्धशासकीय पत्रांक 159/5184 दिनांक 30.09.2019
2. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, चौमूं का पत्रांक 3125 दिनांक 09.12.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से प्रमुख शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को 07 शहरों क्रमशः जैसलमेर, श्रीगंगानगर, बूंदी, नोखा, चौमूं, नाथद्वारा व नागौर शहर की जल वितरण व्यवस्था हेतु अभियंताओं के रिक्त पद भरने बाबत् निवेदन किया गया था। तत्पश्चात् अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, चौमूं द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि शहरी जल प्रदाय योजना चौमूं में कार्यरत सहायक अभियंता का स्थानान्तरण होने पर पद रिक्त चल रहा है एवं कनिष्ठ अभियंता पद पर पदस्थापित श्रीमती ज्योति सैनी चाइल्ड केयर लीव पर लम्बे समय से चल रही है जिससे शहरी जल प्रदाय योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है। अतः अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, चौमूं द्वारा सहायक अभियंता, जलदाय विभाग, गोविंदगढ़ को अतिरिक्त कार्यभार देने हेतु एवं श्री अजय सिंह धाकड़, कनिष्ठ अभियंता, नगर पालिका, चौमूं को कनिष्ठ अभियंता पद का कार्य संचालन करने हेतु अधिकृत करने बाबत् निवेदन किया गया है।

**अतः आपसे पुनः निवेदन किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित 07 शहरों में अभियंताओं के रिक्त पद प्राथमिकता के आधार पर भरने एवं नगर पालिका, चौमूं के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता के पदों को उपरोक्तानुसार प्राथमिकता से भरने का श्रम करावें, ताकि स्थानीय निकायों द्वारा इन नगरीय योजनाओं का संचालन व संधारण सुचारू रूप से हो सके।**

**इसे अत्यावश्यक समझे।**

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

7/1/20
(उज्जवल राठौड़)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

दिनांकः 8.1.2020

क्रमांकःएफ.55( )पीए/सीई/डीएलबी/डब्ल्यूएस(सामान्य)/2020/ 717-724

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार।
3. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
4. उपनिदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर।
5. मुख्य अभियंता (प्रशासन), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान सरकार।
6. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, चौमूं
7. प्रोग्रामर (आई. टी. प्रकोष्ठ), निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
8. सुरक्षित पत्रावली।

(भूपेन्द्र माथुर)
मुख्य अभियंता



...XENs Data\General\Letter.DOCX

Tel-01423-220036
e-mail:chomu.jaipur@yahoo.com

# कार्यालय नगर पालिका मण्डल , चौमूँ–जयपुर (राज.)

**क्रमांक /न.पा. चौमूँ/संस्थापन/2019/3125** **दिनांक 9/12/19**

श्रीमान् निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय,
निदेशालय, स्थानीय निकाय विभाग,
जयपुर।

**विषय :– नगरपालिका शहरी जलप्रदाय योजना में कनिष्ठ अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता पदस्थापित करने बाबत्।**

**प्रसंग :– इस कार्यालय के पत्रांक 2481 दिनांक 04.11.2019 एवं पत्रांक 2766 दिनांक 22.11.2019 के सन्दर्भ में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों के सन्दर्भ में निवेदन है कि नगरपालिका शहरी जलप्रदाय योजना में कार्यरत सहायक अभियन्ता का स्थानान्तरण होने पर पद रिक्त चल रहा है। कार्य संचालन हेतु अतिरिक्त कार्यभार सहायक अभियन्ता जलदाय विभाग गोविन्दगढ चौमूँ को दिया हुआ है, जिसकी भी जलदाय विभाग की अधिकृत स्वीकृति नहीं है। तथा श्रीमती ज्योति सैनी, कनिष्ठ अभियन्ता पद पर पदस्थापित है, किन्तु वर्तमान में श्रीमती सैनी चाइल्ड केयर लीव पर लम्बे समय से चल रही है। जिससे शहरी जलप्रदाय योजना की प्रभावी मोनीटरिंग नहीं हो पा रही है एवं जल वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि नगरपालिका शहरी जलप्रदाय योजना में सहायक अभियन्ता व कनिष्ठ अभियन्ता पदस्थापित करावें अन्यथा सहायक अभियन्ता, जलदाय विभाग गोविन्दगढ को विभागीय अतिरिक्त कार्यभार हेतु अधिकृत करावें तथा शहरी जलप्रदाय योजना कनिष्ठ अभियन्ता पद का अतिरिक्त कार्यभार हेतु नगरपालिका कनिष्ठ अभियन्ता श्री अजय सिंह धाकड को कार्य संचालन हेतु अधिकृत करने की कृपा करें ताकि नगरपालिका शहरी जलप्रदाय योजना का सुचारू रूप से संचालन किया जा सके।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका चौमूँ

**कमांक/नपा चौमूँ/संस्थापन/2019–20/3126-28** **दिनांक :– 9/12/19**

**प्रतिलिपि :–**

1. श्रीमान् शासन सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज0, जयपुर।
2. श्रीमान् उप निदेशक (क्षैत्रीय) महोदया, स्थानीय निकाय विभाग, राज0, जयपुर।
3. श्रीमान् अधिशाषी अभियन्ता, स्थानीय निकाय विभाग, राज0, जयपुर।
4. सुरक्षित पत्रावली।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका चौमूँ

सत्यमेव जयते

भवानी सिंह देथा, आई.ए. एस.
Bhawani Singh Detha, I.A.S.

शासन सचिव
स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान
राज्य मिशन निदेशक, अमृत एवं स्मार्ट सिटीज

Secretary to the Government
Department of Local Self Government, Rajasthan
State Mission Director, AMRUT & Smart Cities

अर्द्धशासकीय पत्रांक 159/5454 दिनांक 30/07/2019

विषयः-जैसलमेर, श्रीगंगानगर, बूंदी, नोखा, चौमूं, नाथद्वारा व नागौर शहर की जल वितरण व्यवस्था हेतु अभियंताओं के रिक्त पद भरने बाबत्।

संदर्भः-राजस्थान सरकार, मंत्रीमण्डल की आज्ञा सं. 204/2012 दिनांक 04.10.2012 एवं इस कार्यालय का अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 17.06.2019

प्रिय श्री [illegible],

उपरोक्त संदर्भित मंत्रीमण्डल की आज्ञा अनुसार राज्य के आठ शहर क्रमशः जैसलमेर, श्रीगंगानगर, करौली, बूंदी, नोखा, चौमूं, नाथद्वारा व नागौर की पेयजल योजनाओं का संचालन एवं संधारण संबंधित शहरी निकाय को स्थानान्तरित कर दिया गया था। वर्तमान में, नगरीय निकाय द्वारा उपरोक्त शहरों की जल प्रदाय योजना का संचालन एवं संधारण किया जा रहा है। इन जल प्रदाय योजनाओं पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अभियंता संबंधित शहरी निकाय में Secondment Basis पर प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है।

मैं आपका व्यक्तिगत ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि उपरोक्त में से 07 शहर क्रमशः जैसलमेर, श्रीगंगानगर, बूंदी, नोखा, चौमूं, नाथद्वारा व नागौर की जल प्रदाय योजना पर अभियंताओं के पद रिक्त है। दिनांक 29.05.2019 को मुख्य सचिव महोदय की जिला कलक्टर्स के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेन्स (वीसी) में भी जिला कलक्टर जैसलमेर व नागौर ने इस बारे में मुख्य सचिव महोदय को भी अवगत कराया था। इस संबंध में इस कार्यालय के अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 17.06.2019 के द्वारा भी रिक्त पदों को भरने का निवेदन किया गया था। अभियंताओं के रिक्त पदों के चलते योजनाओं के संचालन एवं संधारण में समस्याएं आ रही है। इन नगरीय निकायों में वर्तमान जलापूर्ति पर कार्यरत अभियांत्रिकी स्टाफ की स्थिति निम्नानुसार हैः-

| क. सं. | नगर निकाय | पदनाम | स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जैसलमेर | सहायक अभियंता | 1 | 0 | 1 |
| | | कनिष्ठ अभियंता | 3 | 2 | 1 |
| 2 | श्रीगंगानगर | कनिष्ठ अभियंता | 6 | 1 | 5 |

कमरा नं. 2207, द्वितीय तल, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर-302005, फोन : 0141-2227200, मोबाइल : 94143-20130
Room No. 2207, IInd Floor, Main Building, Secretariat, Jaipur-302005, Phone : 0141-2227200, Mobile: 94143-20130
E-mail : secy.lsg.gor@gmail.com

Scanned by CamScanner

| क. सं. | नगर निकाय | पदनाम | स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | बूंदी | कनिष्ठ अभियंता | 3 | 0 | 3 |
| 4 | नोखा | कनिष्ठ अभियंता | 3 | 1 | 2 |
| 5 | चौमूं | सहायक अभियंता | 1 | 0 | 1 |
| 6 | नाथद्वारा | कनिष्ठ अभियंता | 1 | 0 | 1 |
| 7 | नागौर | कनिष्ठ अभियंता | 2 | 0 | 2 |
| | कुल योग | | 20 | 04 | 16 |

वर्तमान मे अभियांत्रिकी स्टाफ के पद रिक्त होने से इन 07 शहरों की जल प्रदाय योजनाओं के सुचारू संचालन एवं संधारण में समस्याऐं आ रही है।

अतः आपसे निवेदन है कि उपरोक्त शहरों में अभियंताओं के रिक्त पद प्राथमिकता के आधार पर भरने का श्रम करें।

आपका शुभेच्छु

(भवानी सिंह देथा)

श्री संदीप वर्मा,
प्रमुख शासन सचिव,
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,
राजस्थान सरकार

Scanned by CamScanner